# GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN NARNAUL

## NAAC CRITERION-VI

## GOVERNANCE, LEADERSHIP AND MANAGEMENT

## Supporting Document: 6.3.1

**Average number of professional development /administrative training programs organized by the institution for teaching and non-teaching staff during the last five years**

FACULTY EMPOWERMENT STRATEGIES

# GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN NARNAUL

## Annual Reports highlighting the programmes undertaken by the teachers

**2018-2023**

| Sr. No. | Academic Year | Annual Session wise Report Page No. | Attached PDF File Page No. |
|---|---|---|---|
| 01. | 2022-2023 | 9 to 13 | 9 to 13 |
| 02. | 2021-2022 | 04 | 31 |
| 03. | 2020-2021 | 04 to 05 | 39 to 40 |
| 04. | 2018-2019 | 05 to 06 | 51-52 |

Principal
Govt. College for Women
Narnaul

Principal
Govt. College for Women
Narnaul

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, नारनौल

# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**दिनांक – 26 अप्रैल 2023**

**समय – प्रातः 10:15 बजे**

–:मुख्य अतिथि:–

# माननीय औमप्रकाश यादव

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक एवं**

**अर्ध–सैनिक कल्याण राज्य मंत्री, हरियाणा सरकार**

**प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता**

**श्री ज्ञान चन्द राणा,** प्राचार्य (H.E.S.I)

**राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय,**

**नारनौल ।**

## मुख्य अतिथि का परिचय

**माननीय मुख्य अतिथि महोदय** ***औमप्रकाश यादव,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक एवं अर्ध–सैनिक कल्याण मंत्री, हरियाणा सरकार, बाहर से आए हुए अतिथिगण, प्रबुद्व प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारीगण, छायाकार व पत्रकार बंधुओं एवं प्यारी छात्राओं।आज के इस*** **राजकीय स्नात्कोत्तर महिला महाविद्यालय, नारनौल के वार्षिक पारितोषिक–वितरण समारोह के अवसर पर मननीय** ***औमप्रकाश यादव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक एवं अर्ध–सैनिक कल्याण मंत्री, हरियाणा सरकार, को अपने मध्य मुख्य अतिथि के रूप में पाकर मै अत्यन्त हर्ष का अनुभव कर रहा हूं। अति व्यस्त होते हुए भी आपने हमारे महाविद्यालय में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढाई। महाविद्यालय परिवार की ओर से मै आपका तथा गणमान्य महानुभावों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूं।***

***सर्वप्रथम मै माननीय*** **मुख्य अतिथि महोदय** ***औमप्रकाश यादव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व सैनिक एवं अर्ध–सैनिक कल्याण मंत्री, हरियाणा सरकार, का परिचय करवाना अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूं। माननीय मंत्री जी महाविद्यालय व नारनौल शहर से सुपरिचित है। इनका परिचय करवाना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है परन्तु परम्परा के अनुसार आपके प्रभावशाली व्यक्तित्व का परिचय करवाना मै अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूं।***

***औमप्रकाश यादव जी ग्रामीण पृष्ठ भूमि से सम्बन्ध रखते हैं। आपका जन्म गांव बजाड़, तहसील अटेली में 1 जनवरी 1957 को श्री शादी लाल यादव के धर हुआ। आपकी माता का नाम श्रीमती कृष्णा देवी यादव था। आपने प्रारमिभक शिक्षा अपने गांव बजाड़ से ही प्राप्त की। इसके पश्चात स्नातक की उपाधि हिसार कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से कृषि ऑनर्स में किया, आप अपने सम्पूर्ण शैक्षिक काल में एक मेधावी छात्र रहे है।***

***आप चार भाषाओं हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत व पंजाबी भाषाओं का ज्ञान रखते है। पढाई के साथ– साथ खेल कूद में भी आपकी विशेष रूची रही है। आपने बास्केटबॉल खेल में विश्वविद्यालय व राज्य स्तर की टीम का प्रतिनिधित्व किया है। आपने अपने जीवन काल में दो देश – इजिप्ट ( मिस्र) व दुबई देशो की विदेश यात्रा की है।***

आप ने अपने सामाजिक व राजनैतिक जीवन में विभिन पदों को सुशोभित किया है। आप अपने जीवन काल में अखिल भारतीय यादव महासभा के राज्य अध्यक्ष, यादव कल्याण सभा नारनौल के लगभग 11 वर्षो से अध्यक्ष है। शहीद समारक समिति नसीबपुर नारनौल के कोषाध्यक्ष भी रहे है। संधर्ष समिति नारनौल को भी आपने अध्यक्ष पद से सुशोभित किया है। इंसाफ मंच जिला महेन्द्रगढ, हरियाणा के आप उपाध्यक्ष रहे है। भाजपा केंद्रीय संगठन द्वारा ओबीसी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य भी आपको नियुक्त किया गया है।

आप हरियाणा सरकार कृषि विभाग में 1977 से 2009 तक ए0डी0ओ0 के पद पर कार्यरत रहे है। आपने अपनी सेवाऐं अधिकतर जिला महेन्द्रगढ व रेवाडी में दी है तथा अपने पद के अनुरूप किसानों व समाज में आर्थिक तौर पर पिछड़े लोगो के साथ जुड़े रहे है। आप समाज में हर वर्ग के सहयोगी रहे है तथा गरीबो की सहायता करना आपकी आदत में शुमार है। वर्ष 2009 में राजनीति के माध्यम से जन सेवा करने के लिए आपने स्वेच्छा से सेवानिवृति ले ली। आपने वर्ष 2014 व 2019 में नारनौल विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लडा तथा विजयी रहे। श्री औम प्रकाश यादव हमेशा जिला व राज्य स्तरीय राजनीति में सक्रिय रहे है। अब आप हरियाणा सरकार में बतौर राज्य मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण मत्रालय के पद पर रहकर लोगो की सेवा कर रहे हैं। अभी हाल में मंत्री श्री ओमप्रकाश यादव को भाजपा केंद्रीय सगंठ्न द्वारा ओबीसी भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

आप अत्यन्त मृदुभाषी, सहज–सुलभ, जन हितेषी, लोकप्रिय एवं जमीन से जुडे राजनेता हैं। आपमें एक सफल राजनीतिज्ञ के सभी गुण विद्यमान हैं। इसी कारण आपको जनहित कार्यो को समझने एवं करवाने में कोई कठिनाई नही आती। जब से आपने मंत्री पद सम्भाला है तभी से आप अनवरत एवं अथक जन–कल्याण कार्यो मे जुटे हुए हैं। श्रीमान जी आप जैसे सुयोग्य व कुशल व्यक्तित्व को अपने मध्य पाकर हम अत्यन्त हर्ष की अनुभूति कर रहें है।

मै आशा करता हूं कि हमारे महाविद्यालय की छात्राएं आपके अनुकरणीय जीवन से प्रेरणा ग्रहण कर अवश्य ही लाभान्वित होगी। मै पुनः व्यक्तिगत रूप से एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23

मान्यवर, मुझे इस महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।

## महाविद्यालय परिचय

राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की स्थापना सन् 1988 में हुई। उसी समय से यह महाविद्यालय नारी शिक्षा के विकास में विशिष्ट पहचान बनाये हुए है। प्रकृति के सुरम्य एवं शान्त वातावरण में यह महाविद्यालय नारनौल, बहरोड़ मार्ग पर स्थित है। महाविद्यालय परिसर छायादार वृक्षों, आकर्षक छात्रावास, व सुसज्जित प्रयोगशालाएं अपने में समाहित किए हुए है।

इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य, व स्नात्कोत्तर स्तर पर एम0ए0 राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी व एम0एस0सी0 गणित, भूगोल व एम0कॉम0 संकाय है। इस सत्र में छात्राओं की संख्या 3332 है। इस महाविद्यालय में 20 प्रोफेसर, 46 एक्सटैंसन लैक्चरर, 2 कम्पयुटर इन्सट्रकटर, 1 लैंगवेज लैब इन्सट्रकटर एक सहायक, एक लिपिक, 3 JLA व 3 LA, चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं HKRN के अर्न्तगत 14 कर्मचारी कार्यरत हैं। महाविद्यालय में एक कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष, दो तबला वादक कार्यरत है।

## परीक्षा परिणाम

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम सराहनीय रहे हैं जिनके उल्लेख से इस महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण का पता चलता है। प्रोफेसर श्रीमती शर्मिला यादव अंग्रजी विभाग, परीक्षा शाखा में रजिस्ट्रार का पद सम्भाले हुए हैं महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम इस प्रकार हैं –

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2021-22**

**M.Sc Mathematics**

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.sc maths 1st sem | 1 | 21160603020 | Taruna | Ashok kumar | 508 | 1st |
| | 2 | 171161103021 | Shruti | Mahesh bhardwaj | 496 | 2nd |
| | 3 | 21160603027 | Muskan | Kuldaram | 495 | 3rd |
| M.sc 2nd sem | 1 | 171161103021 | Shurti | Mahesh bhardwaj | 472 | 1st |
| | 2 | 182261101010 | Rajshri | Krishan kumar | 469 | 2nd |
| | 3 | 211160603005 | Rinku Kumari | Kailish chand | 466 | 3rd |
| M.sc 3rd sem | 1 | 201160603018 | Bharti Kumari | Rakesh kumar | 544 | 1st |
| | 2 | 201160603007 | Jyoti | Bed parkash | 545 | 2nd |
| | 3 | 201160603009 | Preeti | Krishan kumar | 525 | 3rd |
| M.sc 4th sem | 1 | 201160603018 | Bharti Kumari | Rakesh kumar | 2065 | 1st |
| | 2 | 201160603014 | Pooja | Yogesh kumar | 2057 | 2nd |
| | 3 | | Chhama | Suresh kumar | 2017 | 3rd |

**University Topper**

| Class | Sr.No. | Name | Father's Name | SGPA | Position |
|---|---|---|---|---|---|
| M.sc 2nd sem | 1 | Raj Shree | Krishan kumar | 7.85 | 7th |
| | 2 | Shruti | Mahesh Bhardwaj | 7.77 | 8th |
| M.sc 3rd Sem | 1 | Jyoti | Ved parkash | 8.44 | 3rd |
| | 2 | Bhharti | Rakesh kumar | 8.3 | 6th |

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2021-22**

**M.A English**

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 181161101168 | Ankita aggarwal | Krishan kumar | 462 | 1st |
| | 2 | 181161101467 | Priyanka soni | Manoj kumar soni | 448 | 2nd |
| | 3 | 211160101022 | Monika | Ananad Sharma | 431 | 3rd |
| M.A 2nd sem | 1 | 20116010100 | Priyanka | Siyaram | 368 | 1st |
| | 2 | 201160101005 | Subhanshi Yadav | Krishan kumar | 363 | 2nd |
| | 3 | 201160101010 | Madhu | Rajender singh | 356 | 3rd |
| M.A 3rd sem | 1 | 201160101034 | Monika | Lekhram | 444 | 1st |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 201160101010 | Madhu | Rajender singh | 374 | 2nd |
| | | | | | | |
| M.A 4th sem | 1 | 191160101028 | Divya | Jaiparkash | 1622 | 1st |
| | 2 | 191160101008 | Reena | Rajkumar | 1598 | 2nd |
| | 3 | 191160101037 | Savita | Udaibhan | 1562 | 3rd |

**University Topper**

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 181161101168 | Ankita aggarwal | Krishan kumar | 7.97 | 2nd |
| | 2 | 211160101022 | Monika | Ananad Sharma | 7.61 | 5th |
| | 3 | 181161101467 | Priyanka soni | Manoj kumar soni | 7.58 | 6th |
| | 4 | 171161103505 | Neha jangid | Puroshotam | 7.48 | 8th |
| M.A 2nd sem | 1 | 181161101168 | Ankita aggarwal | Krishan kumar | 7.96 | 3rd |
| | 2 | 211160101022 | Monika | Ananad Sharma | 7.78 | 4th |
| M.A 3rd sem | 1 | 201160101034 | Monika | Lekhram | 8.3 | 2nd |
| M.A 4th sem | 1 | 191160101028 | Divya | Jaiparkash | 8.15 | 1st |
| | 2 | 191160101008 | Reena | Rajesh kumar | 8.15 | 2nd |
| | | | | | | |

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2021-22**

**M.A Political Science**

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 201160303031 | SEEMA | Joginder singh | 456 | 1st |
| | 2 | 201160303036 | Neeru yadav | Nandlal yadav | 453 | 2nd |
| | 3 | 201160303012 | Manisha | Rothash singh | 451 | 3rd |
| M.A 2nd Sem | 1 | 201160303002 | Jyoti | Mahipal singh | 477 | 1st |
| | 2 | 201160303012 | Manisha | Rohtash singh | 477 | 1st |
| | 3 | 201160303031 | Seema | Jogender singh | 464 | 2nd |
| | 4 | 201160303019 | Sweety | Naresh kumar | 463 | 3rd |
| M.A 3rd sem | 1 | 191160303013 | Deepti | Ramehar | 460 | 1st |
| | 2 | 191160303025 | Ekta yadav | Subhash chand | 429 | 2nd |
| | 3 | 191160303008 | Asmita sanjhi | Rajesh sanjhi | 419 | 3rd |
| | 4 | 191160303011 | Indu | Ramdas | 419 | 3rd |
| M.A 4th sem | 1 | 191160303016 | Priti | Ramkumar | 1724 | 1st |
| | 2 | 191160303012 | Pooja | Virender singh | 1702 | 2nd |
| | 3 | 191160303017 | Madhu | Ram kumar | 1685 | 3rd |

**University Topper**
**M.A Political Science**

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 211160303023 | Jyoti | Mahender singh | 7.38 | 2nd |
| | 2 | 211160303027 | Jyoti | Kartar singh | 7.38 | 3rd |
| | 3 | 211160303014 | Preeti | Sunil kumar | 7.31 | 4th |
| | 4 | 211160303010 | Pooja bai | Madan lal | 7.23 | 6th |
| | 5 | 211160303022 | Sunita | Ramniwas | 7.15 | 8th |
| M.A 2nd sem | 1 | 211160303023 | Jyoti | Mahender singh | 7.81 | 4th |
| | 2 | 211160303009 | Kajal | Mahesh kumar | 7.69 | 5th |
| | 3 | 211160303050 | Divya | Ramavtar | 7.5 | 9th |
| | 4 | 211160303028 | Anita | Hawa singh | 7.5 | 10th |
| M.A 3rd sem | 1 | 201160303002 | Jyoti | Mainpal | 8.04 | 1st |
| | 2 | 201160303040 | Rawina | Rajesh kumar | 7.64 | 3rd |
| | 3 | 201160303022 | Pankaj | Sant lal | 7.48 | 4th |
| | 4 | 201160303019 | Sweety | Naresh kumar | 7.44 | 5th |
| | 5 | 201160303018 | Deepa | Satyapal | 7.28 | 10th |
| M.A 4th sem | 1 | 201160303002 | Jyoti | Mainpal singh | 8.0 | 3rd |
| | 2 | 201160303036 | Neeru yadav | Nand lal yadav | 7.82 | 8th |

**Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2021-22**
**M.A Hindi**

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st Sem | 1 | 211160103016 | Rajni | Anil | 522 | 1st |
| | 2 | 211160103028 | Pooja | Mukesh singh | 517 | 2nd |
| | 3 | 211160103030 | Ankita | Ishwar singh | 503 | 3rd |
| M.A 2nd sem | 1 | 201160103004 | Lalita | Harchand | 530 | 1st |
| | 2 | 201160103015 | Rachna | Naresh kumar | 525 | 2nd |
| | 3 | 201160103013 | Anita | Ashok kumar | 521 | 3rd |
| M.A 3rd sem | 1 | 201160103008 | Pooja | Siya ram | 508 | 1st |
| | 2 | 201160103004 | Lalita | Harchand | 506 | 2nd |
| | 3 | 201160103010 | Anita kumar | Suresh kumar | 504 | 3rd |
| | 4 | 201160103017 | Manisha | Suresh kumar | 504 | 3rd |
| M.A 4th sem | 1 | 191160103004 | Sarla | Gopi chand | 2006 | 1st |
| | 2 | 191160103015 | Komal | Shishu pal | 1981 | 2nd |
| | 3 | 191160103033 | Sumitra | Vinod kumar | 1974 | 3rd |

## University Topper

## M.A Hindi

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.A 1st sem | 1 | 211160103016 | Rajni | Anil | 8.5 | 7th |
| | 2 | 211160103028 | Pooja | Mukesh singh | 8.5 | 8th |
| M.A 2nd sem | 1 | 211160103040 | Yogita | Mahender singh | 9.23 | 3rd |
| | 2 | 211160103027 | Hemlata | Harnam | 9.15 | 4th |
| M.A 3rd sem | 1 | 201160103017 | Manisha | Suresh kumar | 8.56 | 1st |
| | 2 | 201160103008 | Pooja | Siyaram | 8.32 | 2nd |
| | 3 | 201160103004 | Lalita | Harchand | 8.32 | 3rd |
| | 4 | 201160103010 | Anita kumar | Suresh kumar | 8.32 | 4th |
| | 5 | 201100103015 | Rachna | Naresh kumar | 8.28 | 5th |
| | 6 | 201160103013 | Anita | Ashok kumar | 8.12 | 9th |
| M.A 4th sem | 1 | 201160103017 | Manish | Suresh kumar | 8.62 | 1st |
| | 2 | 201160103026 | Meena saini | Ravinder singh | 8.23 | 5th |
| | 3 | 201160103016 | Sudha kumari | Satpal singh | 8.02 | 8th |
| | 4 | 201160103005 | Shalu | Deshraj | 8.08 | 9th |

## Academic Prizes/Merits on the Basis of I.G. University Examination Session 2021-22

## M.Sc GEOGRAPHY 1st sem

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Sc 1ST SEM | | 211160901006 | Himanshi saini | Krishan Saini | 610 | 1st |
| | | 211160901007 | Sonam gurjar | Puran mal | 521 | 2nd |
| | | 211160901055 | Preeti Sharma | Anil Sharma | 512 | 3rd |

## M.Sc GEOGRAPHY 2nd sem

| Class | Sr.No. | Roll.No. | Name | Father's Name | Marks Obtained | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Sc 2nd SEM | | 211160901006 | Himanshi saini | Krishan saini | 529 | 1ST |
| | | 211160901007 | Sonam | Puran mal | 452 | 2nd |
| | | 211160901013 | Sarika | Ravinder kumar | 443 | 3rd |

## University Topper

| Class | Sr.No. | Roll.No | Name | Father's Name | SGPA | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M.Sc 1ST SEM | | 211160901006 | Himanshi saini | Krishan Saini | 9.06 | 1ST |
| M.Sc 2nd SEM | | 211160901006 | Himanshi saini | Krishan Saini | 8.38 | 3rd |

*महाविद्यालय के उत्तम परिणामों का श्रेय प्राध्यापक वर्ग की योग्यता, कर्त्तव्यनिष्ठा व छात्राओं के परिश्रम को जाता है। सभी प्राध्यापक एवं छात्राएं बधाई की पात्र हैं।*

# व्यक्तिगत उपलब्धियां

1. डा0 ममता सिद्धार्थ एसोसिऐट प्रोफेसर ने "Crop Diversification level in Sikar District, Rajasthan" विषय पर एक शौध-पत्र European Journal of Business & Social Sciences में Dec 2022 में प्रकाशित करवाया।
2. डा0 ममता सिद्धार्थ ने 30-31 जनवरी 2023 को LBS Govt. College Kotputli Jaipur में आयोजित Interdisciplinary National Seminar में Gandhi Dharsan & Environment विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।
3. डा0 ममता सिद्धार्थ ने "Agriculture Geography" विषय पर एक पुस्तक लिखी है, जो कि इनक्लेव प्रकाशक, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित की गई
4. डा0 पवन कुमार असिसटेंट प्रोफेसर भौतिकी विज्ञान ने " Analysis of Excitation functions of ( p,n) reactions for the stable isotopes of zinc and copper uo to 40 MeV" विषय पर एक शौधपत्र Journal of Radioanalytical and Nuclear Chemistry में दिनांक 10.07.2022 को प्रकाशित करवाया।
5. महाविद्यालय की संगीत की प्राध्यापिका मनीषा सैनी को "हरियाणा एवं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रो के उच्चतर माध्यमिक विधालयो में विद्यार्थियो की संगीतिक स्थिति" एक अध्ययन विषय पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा दिनांक 10.10.2022 को Ph.D. Degree प्रदान की।
6. श्री अजय थाकन एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी ने XIX Anuual Conference of Rajasthan Association for Studies in English में 20-21 Nov, 2022 को हिस्सा लिया तथा Session VI-B को Chair किया।
7. श्री अजय थाकन एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी ने महिला महाविद्यालय झोझूॅकला मे आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में "Issues & Challenges in Women Empowerment especially in Rural India" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।
8. श्री चिरंजीव तायल, असिसटेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान ने राजकीय महाविद्यालय बिरोहड मे आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में

"Sustainable Chemistry : Green Chemistry विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

9. श्री चिरंजीव तायल, असिसटेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान ने Teaching Learning Centre Ramanujan College, University of Delhi द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Development Programe on National Education policy 2020 मे हिस्सा लिया तथा $A^+$ Grade प्राप्त किया

10. श्री सुनील कुमार असिसटेंट प्रोफेसर इतिहास ने Teaching Learning Centre Ramanujan College, University of Delhi द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Development Programe on National Education policy 2020 मे हिस्सा लिया तथा $A^+$ Grade प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 20 मार्च से 26 मार्च 2023 तक आयोजित हुआ था।

11. श्री सुनील कुमार असिसटेंट प्रोफेसर इतिहास ने I.G.U. Meerpur , Rewari द्वारा आयोजित दो दिवसीय National Workshop on N.E.P. 2020 Implementation Strategies में 03 व 04 अप्रेल 2023 को भाग लिया।

12. डा0 पवन कुमार असिसटेंट प्रोफेसर भौतिकी विज्ञान ने Teaching Learning Centre Ramanujan College, University of Delhi द्वारा आयोजित 7 दिवसीय Faculty Development Programe on National Education policy 2020 मे हिस्सा लिया तथा $A^+$ Grade प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 20 मार्च से 26 मार्च 2023 तक आयोजित हुआ था।

13. डा0 मुनेश यादव , अंग्रेजी विभाग ने एक "Professional English Speaking Skills" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

14. श्रीमती सुमन देवी, अंग्रेजी विभाग ने एक "English for Academic Writing" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

15. श्रीमती राधिका जांगिड, अंग्रेजी विभाग ने एक "Practical English Usage" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

16. डा0 नीलम, अंग्रेजी विभाग ने एक "Fundamentals of Phonetics & Phonology" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

17. डा0 नीलम, अंग्रेजी विभाग ने NET – December 2022 उतीर्ण किया।

18. डा0 नीलम, अंग्रेजी विभाग ने महिला महाविद्यालय झोझूॅकला मे आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में "Capitaism & Commodification of Women Body" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

19. डा0 दीपिका राणा ने 20 व 21 जनवरी 2023 को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया तथा "India's National Security : Challenges & Possibilities विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

20. डा0 पारूल गुप्ता ने 01.11.2022 को राजकीय महाविद्यालय नोहर में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया तथा "A Revolutionary Transformation in Indian Education System- NEP 2020" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

21. श्रीमती सीता कुमारी, अर्थशास्त्र विभाग ने महिला महाविद्यालय झोझूॅकला मे आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में "Impact of Globalisation on Women in India" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

22. महाविद्यालय के भूगोल विभाग की श्रीमती अन्जू रानी तथा डा0 सुनीता जाखड़ ने भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS) देहरादून द्वारा 14.09.2022 से 28.09.2022 तक आयोजित ऑनलाईन कोर्स "Application of Remote Sensing and GIS" सफलता पूर्वक पूरा किया।

23. श्रीमती सुनीता देवी, असिसटेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग ने महिला महाविद्यालय झोझूॅकला मे आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में "Impact of Globalisation on Women" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

24. डा0 ममता शर्मा, असिसटेंट प्रोफेसर हिन्दी विभाग को डा0 भीमराव अंबेडकर जयंती, कबीर जयंती, सड़क सुरक्षा एवं अभियान बेटी बचाओं बेटी पढाओं, नारी गौरव सम्मान, रविदास जयंती अनको सामाजिक कार्यो के लिए 15 अगस्त एवं 26 जनवरी प्रशासनिक कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने पर अनेकों बार सम्मानित किया गया है।

25. डा0 सुनीता जाखड़ भूगोल विभाग ने "International Journal of Research and Analytical Reviews"में "A Geographical Analysis of Educational Status in Ajmer Division" विषय पर एक शौध पत्र प्रकाशित करवाया।

26. डा0 ज्योती यादव, अंग्रेजी विभाग ने एक "English Conersation Skills" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

27. डा0 ज्योती यादव, अंग्रेजी विभाग ने XIX Anuual Conference of Rajasthan Association for Studies in English में 20-21 Nov, 2022 को हिस्सा लिया तथा "Reflection of Complex Female Psyche in Aggarwal's Cherries Aren't Red" विषय पर एक शौध पत्र पढा।

28. डा0 पूनम यादव, अंग्रेजी विभाग ने एक "English Pragmatics" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

29. डा0 पूनम यादव, अंग्रेजी विभाग ने XIX Anuual Conference of Rajasthan Association for Studies in English में 20-21 Nov, 2022 को हिस्सा लिया तथा "Ephemeral Love of Digital World in Modern Society" विषय पर एक शौध पत्र पढा।

30. डा0 प्रीति यादव, अंग्रेजी विभाग ने एक "English Reading Skills" विषय पर पुस्तक प्रकाशित करवाई।

31. डा0 प्रीति यादव,अंग्रेजी विभाग ने XIX Anuual Conference of Rajasthan Association for Studies in English में 20-21 Nov, 2022 को हिस्सा लिया तथा "Fakir Mohan Senapati's Six Acres and A Third" विषय पर एक शौध पत्र पढा।

32. डा0 प्रियंका ग्रह विज्ञान विभाग ने राजकीय महाविद्यालय सिदरावली मे 17. 02.2023 को आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में "Role of Information Technology in Educational Development" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

33. डा0 प्रियंका ग्रह विज्ञान विभाग ने DAV Girls College Kosli मे 20.03. 2023 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में "Research in higher Education in Context of NEP 2020" विषय पर एक शौध-पत्र पढ़ा।

34. डा0 शर्मीला यादव असिसटेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग में DAV Girls College Kosli 20.03.2023 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में

"Disintegrated World Create Chaos by Shashi Deshpande" विषय पर एक शौध–पत्र पढ़ा।

35. डा0 शर्मीला यादव असिसटेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग ने महिला महाविद्यालय झोझूॅकला मे आयोजित एक दिवसीय अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में "NEP 2020 for Progressive Growth of Women Empowerment" विषय पर एक शौध–पत्र पढ़ा।

36. 15 अगस्त 2022 को महेन्द्रगढ जिला प्रशासन ने प्रशासनिक कार्यो में उत्कर्ष्ट सहयोग के लिए डा0 आर0पी0सिहं0 एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी सम्मानित किया गया।

37. डा0 आर0पी0सिहं0 एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी के द्वारा सत्र 2022–23 के दौरान निम्न पुस्तके प्रकाशित करवाई गई –

– Fundamentals of English Grammar

– Fundamentals of English Usage

- Post Colonial English Literature
- Eighteenth Century English Literature
- Digital Language Learning & Teaching

38. डा0आर0पी0सिहं0 एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी ने XIX Anuual Conference of Rajasthan Association for Studies in English में 20–21 Nov, 2022 को हिस्सा लिया तथा Session VI-B को Chair किया।

## महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ

महिलाओं एवं छात्राओं के कल्याण एवं हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ कार्यरत है। श्रीमती सुमन यादव के मार्गदर्शन में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गये और छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

(1) दिनांक 20.10.2022 को महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा एक वाद आयोजन किया गया।

(2) इस प्रकोष्ट के द्वारा दिनांक 21.10.2022 को महाविद्यालय परिसर में निबंध लेखन, रंगोली तथा मेहन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

(3) दिनांक 03.12.2022 को इस प्रकोष्ठ के द्वारा छात्राओं को सशक्त करने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में ''पोषण और प्रेरणा'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन करवाया गया जिसमें मुख्य वक्ता रिटायर्ड प्रो0 आर0पी0 यादव थे।

सभी छात्राएं व डा0 सुमन यादव प्रभारी महिला प्रकोष्ठ बधाई की पात्र है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में समाज सेवा एवं श्रम की महत्ता के प्रतिपादन हेतू राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन ईकाइयां कार्यरत हैं। डा0 ममता सिद्धार्थ, डा0 ममता शर्मा व श्रीमती सुमन यादव तीनों यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी हैं। इस वर्ष यूनिट नं. एक, दो, तीन में क्रमशः 100, 100 व 100 स्वयंसेविकाएं पंजीकृत हैं ।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम की गतिविधियां निम्न प्रकार से हैं :

1. आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अगस्त माह 2022 में तिरंगा मेकिंग प्रतियोगिता एंव तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।
2. राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा 20 अगस्त 2022 को सद्भावना दिवस मनाया गया।
3. राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता 2022–2023 में हिस्सेदारी की गई।
4. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो स्वयंसेविकाओं सीमा और प्रीति ने नॉर्थ जोन प्री– आर0डी0 कैम्प में हिसा लिया।
5. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के द्वारा 24 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया तथा स्वयंसेविकाओं के एक दल ने इन्दिरा गाधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में मनाये गये राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस में भाग लिया ।
6. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के द्वारा सितम्बर 2022 में आयोजित साइबर जागरूकता दिवस मनाया।
7. 1 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय रक्तदान दिवस मनाय गया।
8. राज्य सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में 1 अक्टूबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छ भारत अभियान चलाया।
9. महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

10. 31 अक्टूबर 2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया।

11. महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा दिनांक 15 नवम्बर 2022 को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

12. 19 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।

13. 19 नवम्बर 2022 से 25 नवम्बर 2022 तक कौमी एकता सप्ताह का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

14. 1 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

15. 10 दिसम्बर 2022 को विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

16. 25 जनवरी 2023 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 26 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस, 4 फरवरी 2023 को विश्व कैंसर दिवस का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।

17. महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा दिनांक 07 फरवरी 2023 से 13 फरवरी 2023 तक 07 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

18. इसी श्रृंखला मे दिनांक 08 मार्च 2023 को अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस, 22 मार्च 2023 को विश्व जल दिवस, 07 अप्रैल 2023 को विश्व स्वास्थय दिवस मनाया गया।

19. महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2023 को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

20. मार्च 2023 में N.S.S. की तीनों ईकाइयों की पांच स्वयंसेविकाओं द्वारा I.G.U. Campus में आयोजित N.S.S. शिविर में हिस्सा लिया, विभिन्न पदक अपने नाम किये एवं एक छात्रा इस शिविर में बेस्ट वॉलीन्टियर चुनी गई।

## खेल–कूद

महाविद्यालय की 34 वी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 24 व 25 फरवरी 2023 को बॉयज सीनियर सैकेण्डरी स्कूल मैदान नारनौल में आयोजित की गई जिसका शुभारम्भ श्री मनोज कुमार, एस0डी0एम0 नारनौल द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने खेल भावना का परिचय देते हुए सभी स्पर्धाओं में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस खेल–कूद प्रतियोगिता में बीए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के पुरस्कार से नवाजा गया। इस प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री राजकुमार, डी0आर0ओ0 भिवानी रहे । ये खेलकूद प्रतियोगिताएं महाविद्यालय की खेलकूद प्रभारी श्रीमती सुमन यादव की देखरेख में सम्पन्न हुई । इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

– महाविद्यालय की छात्रा दिव्या सुपुत्री श्री जयदयाल सैनी बीए0 प्रथम वर्ष व छात्रा भावना सुपुत्री श्री कैलाशचन्द बीए0 प्रथम वर्ष ने राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।

– बीए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा आरती ने योगा प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करके जिला स्तर पर प्रथम, राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

– बीए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा रितू ने योगा प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करके जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

## वाणिज्य विभाग

इस महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में बी0कॉम व एम0कॉम की कक्षाएं संचालित है विभाग द्वारा छात्राओं के समग्र विकास हेतु दिनांक 11.10.2022 को उधमिता मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा विभीन्न प्रकार की स्टालें लगाई गई। विभाग द्वारा प्रधानमंत्री वितीय जागरूकता अभियान के तहत SEBI के तहत एक आयोजन 20.04.2023 को करवाया गया। समस्त वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक व छात्राएं बधाई के पात्र है।

## मार्गनिर्देशन व स्थापना प्रकोष्ठ

प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को सरकारी व गैर–सरकारी क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में रोजगार प्राप्त करने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की जाती है ।

1. प्लेसमेंट सेल द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 02.12.2022को How to Crack UPSC and other Competitive Examination से सबंधित एक सेमिनार आयोजीत की गई।
2. दिनांक 22.2.2023 से 25.02.2023 तक राजकीय महिला महाविद्यालय, गुरूग्राम में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस महाविद्यालय की 45 छात्राओं ने भाग लिया ।
3. इस महाविद्यालय की 16 छात्राओं के एक दल ने क्षेत्रीय रोजगार मेला जो कि राजकीय महिला महाविद्यालय, गुरूग्राम में आयोजित किया गया था में भाग लिया व 07 छात्राओं का विभिन्न कम्पनियों में चयन हुआ ।
4. महाविद्यालय में ICICI Bank के द्वारा एक Selection Drive 05 व 06 अप्रैल 2023 को करवाई जिसमें 21 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डा0 मनमीत कौर व डा0 सुनील कुमार है।

## पुस्तकालय

नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में महाविद्यालय का पुस्तकालय स्थित है। छात्राओं की विशेष सुविधा के लिए पुस्तकालय में 12 समाचार पत्र एवं वाचनालय आदि का प्रबन्ध है। पुस्तकालय में 23296 पुस्तकें हैं। इस सत्र में 974 पुस्तकें 3,56,270 रूपये की खरीदी गई है। साथ ही पुस्तकालय की 3500 किताबो में ।नजवउंजपवद का कार्य 40250 रूपये खर्च करके करवाया गया है। श्री हरीकिशन,कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष पुस्तकालय के कार्य को सुचारू रूप से कर रहे हैं।

## वित्तीय प्रबन्धन

*महाविद्यालय का वित्तीय प्रबन्धन काफी सुदृढ़ है। लगभग सभी स्थानीय निधियों में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है जिसे महाविद्यालय के विकास एवं विद्यार्थी कल्याण के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है। डा0 आर0पी0सिह, बर्सर के रूप में अपना कार्य सुचारु रूप से कर रहे हैं।*

| Sr. No. | Name of the Scheme | No. of Students | Amount received | Amount disbursed | Amount Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Consolidated Stipend Scheme for the welfare of Scheduled Caste students studying in Govt. colleges | 341 | 4774000/- | 4774000/- | Nil |
| 2 | Haryaana state Meritorious Incentive Scheme on the basis of Final Result of B.A. /B.Com/B.Sc. III | 1 | 5000/- | 5000/- | Nil |
| 3. | National Scholarship Portal | 18 | 180000/- | 180000/- | Nil |
| 4. | Post Matric Scholarship for BC | 440 | 3520000/- | 3520000/- | Nil |

## साहित्यिक गतिविधियां

1. *महाविद्यालय की छात्राओं ने 21,22 अक्तूबर 2022 को स्पॉर्टस अधिकारी बालभवन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सेदारी की जिसके परिणाम निम्नलिखित रहे–*

| नाम | कक्षा | प्रतियोगिता | स्थान |
|---|---|---|---|
| मोनिका | द्वितीय वर्ष | सितार वादन | प्रथम |
| मोनिका | द्वितीय वर्ष | कुचिपुडि नृत्य | द्वितीय |
| सपना | द्वितीय वर्ष | ओडिशी नृत्य | प्रथम |
| सपना | द्वितीय वर्ष | सितार वादन | द्वितीय |
| उषा | द्वितीय वर्ष | मणीपुरी नृत्य | द्वितीय |

2. *महाविद्यालय की छात्रा अनु बीए तृतीय वर्श ने 25-01-2023 को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, जगाधरी, यमुना नगर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।*

3. महाविद्यालय की छात्रा निष्चल ने जिला स्तरीय भाशण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
4. महाविद्यालय की छात्रा प्रीति नें केन्सर दिवस पर आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## क्षेत्रीय युवा समारोह

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाडी का क्षेत्रीय युवा समारोह दिनांक 23.11.2022 से 25.11.2022 तक आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियां इस प्रकार है –

| | |
|---|---|
| 1. कविता पाठ उर्दू | प्रथम स्थान |
| 2. शास्त्रीय संगीत वादन (सितार) | प्रथम स्थान |
| 3. संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | प्रथम स्थान |
| 4. नृत्य हरियाणवी | द्वितीय स्थान |
| 5. नृत्य सामान्य | तृतीय स्थान |
| 6. रागनी हरियाणवी | द्वितीय स्थान |
| 7. समूहगान हिन्दी | तृतीय स्थान |
| 8. हरियाणवी समूहगान | तृतीय स्थान |
| 9. अंग्रेजी कविता पाठ | तृतीय स्थान |
| 10. पोस्टर मेकिंग | तृतीय स्थान |

म्हाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 37 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमे से 10 प्रतियोगिताओं में हमारी छात्राओं ने पुरस्कार जीते। उपरोक्त उपलब्धियों के लिये महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्रभारी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं । सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डा0 आर0पी0सिह, श्रीमती शर्मीला यादव, श्री ओम प्रकाश, डा0 प्रियंका, डा0 मनीषा, डा0 मनदीप, डा0 ललिता, डा0 ज्योति, श्री बलवान, श्री रमेश, मीना, रवि, का विशेष योगदान रहा ।

## राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत महाविद्यालय में वर्ष 2022-2023 में 18,91,190 रू0 की लागत से चमेली देवी हॉल का High Tech सेमिनार हॉल के रूप में upgradation किया गया है। RUSA के नोडल अधिकारी श्री सुनील कुमार हैं।

## विषय परिषद्

छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय में विषय परिषद् बनी हुई हैं, जो अन्तः कक्षा तथा अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धाओं को प्रोत्साहित करती हैं। इस वर्ष महाविद्यालय की विषय परिषदों की उपलब्धियां निम्नलिखित रही है –

### अंग्रेजी साहित्यिक परिषद्

इस परिषद के तत्वावधान में दिनांक 17 व 18 अप्रैल को अंग्रेजी विभाग द्वारा एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमे महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसरो द्वारा छात्राओं को साहित्य को समझने, पढने, लिखने व अनुसंधान के बारे में बारीकी से समझाया गया। उपर्युक्त साहित्यिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए सभी छात्राएं व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष व विभाग के सभी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं ।

### अर्थशास्त्र परिषद्

महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की प्राधयापिका श्रीमती सीता यादव के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित इन्टर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया।

- महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 24.04.2023 को इन्टर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की 06 टीमों ने भाग लिया।

## मनोविज्ञान परिषद्

महाविद्यालय की मनोविज्ञान विषय की छात्राओं ने 08 दिसम्बर 2022 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्राओं राधा व रेनु ने 21 व 22 फरवरी 2023 को राजकीय महाविद्यालय करनाल में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधितव किया।

– दिनांक 12.04.2023 को परिषद द्वारा **Stress : The Silent Killer** विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

यह परिषद श्रीमती प्रियंका, डा0वन्दना व श्री प्रवीण LA के निर्देशन में संचालित है।

## वनस्पति विभाग

08 दिस्मबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में निम्नलिखित विधार्थियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया–

| नाम | कक्षा | रोल न0 |
|---|---|---|
| रीतु | बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष | 120083030012 |
| एकता खनगवाल | बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष | 120083030053 |

## जीव–विज्ञान विभाग

**08 दिस्मबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में निम्नलिखित विधार्थियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया–**

| नाम | कक्षा | रोल न0 |
|---|---|---|
| रीतु | बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष | 1210831030072 |
| श्रुति चौधरी | बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष | 1210831030135 |

17 नवम्बर 2022 को राजकीय महाविद्यालय अटेली में कोविड विषय पर आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में निम्नलिखित विधार्थियों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया–

| नाम | क्क्षा | रोल न0 |
|---|---|---|
| हिमांशी | बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष | 20083030034 |
| अलका | बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष | 120083030038 |

## सड़क सुरक्षा क्लब

सड़क पर बढ़ती हुई दुर्घटनाओं के मध्यनजर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है ताकि छात्राओं को सुरक्षित यात्रा के लिये जागरूक किया जा सके । इस क्लब के नोडल अधिकारी डा0 दलीप सिहं है। क्लब के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां पूरे वर्ष आयोजित की गई ।

1. 28.03.2023 को सड़क सुरक्षा पर क्विज प्रतियोगिता, रंगोली व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. 29.03.2023 को सड़क सुरक्षा पर ट्रैफीक एस0एच0औ0 द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा व सांकेतिक चिन्हो के बारे में विस्तार से बताया गया।

## बस पास सुविधा

हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में छात्राओं हेतु निशुल्क बस पास सुविधा चलाई जा रही है। इसी के अन्तर्गत महाविद्यालय की 1980 छात्राओं के निशुल्क बस पास बनवाए गएं है जिससे व अपना अध्ययन सुचारू रूप से कर सके। इस योजना के संयोजक प्रोफेसर डा0 दलीप सिह यादव हैं।

## EARN WHILE YOU LEARN

He has been felicitated as **Fellow of National Academy of Sciences India (FNASI)**, **Fellow of Biotech Research Society (FBRS)** and **Fellow of National Academy of Agricultural Sciences (FNAAS)**.

His major research area is Lignocellulose Biotechnology comprising of Lignocellulolytic Enzymes production and their application in Bio-Bleaching, Bioretting, Bio-Deinking and production of animal feed and Bioethanol. He has developed an eco-friendly process for bleaching of paper pulp using xylanase and laccase, an improved process for bioconversion of wheat straw into nutritionally enriched and digestible animal feed following solid-state fungal fermentation and an innovative process for the production of bioethanol.

He has completed more than 18 projects funded from DBT, DST, UGC, CSIR, MoEF and MNRE. He has 4 patents to his credit on different areas of lignocellulose biotechnology, has authored more than 175 research publications and also edited 4 books.

He is a **member of the University Grants Commission** and also a **member of Executive Council and Governing Body of UGC NAAC**. Moreover, he is member Expert of (i) Animal Task Forces and (ii) Bioremediation Technology of Department of Biotechnology, Government of India and Steering Committee for the Center of Excellence Programme of the Ministry of Environment and Forest, Govt. of India at CEMDE, University of Delhi.

Prof. Kuhad has also been the president of Association of Microbiologists of India (2011). He is Associate-editor of Annals of Microbiology, editor of Scientific Reports (Nature Publishing Group), Journal of Sustainable Energy and Indian Journal of Microbiology. He has also served as Guest editor of Special Issue for Biodegradation and 3 Biotech Journals. Besides he is reviewer for various international journals.

Prof. Kuhad is a **recipient of the prestigious Prof. G. S. Rangaswamy Memorial Award (Biennial) (2017) from Association of Microbiologists of India (AMI), AMI-Dr. G. B. Manjrekar Award (2014), AMI-Platinum Jubilee Life Time Achievement Award (2013)**, AMI-Titan Biotech Award (2011), Short Term Biotechnology Overseas Research Associateship Award (2002-03), AMI- Alembic Award (1999), Biotechnology Long Term Overseas Research Associateship Award (1995-96). UNIDO/ICGEB Fellowship (1994) and Commonwealth Scholarship for Post Doctoral Research (1985-1986) along with several other academic achievements.

# वार्षिक प्रतिवेदन 2018-19

माान्यवर, मुझे इस महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।

## महाविद्यालय परिचय

राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल की स्थापना सन् 1988 में हुई। उसी समय से यह महाविद्यालय नारी शिक्षा के विकास में विशिष्ट पहचान बनाये हुए है। प्रकृति के सुरम्य एवं शान्त वातावरण में यह महाविद्यालय नारनौल, बहरोड़ मार्ग पर स्थित है। महाविद्यालय परिसर छायादार वृक्षों, आकर्षक छात्रावास, व सुसज्जित प्रयोगशालाएं अपने में समाहित किए हुए है।

इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य, एम0ए0 राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी व एम0एस0सी0 गणित संकाय है। इस सत्र में छात्राओं की संख्या 3683 है। इस महाविद्यालय में 23 प्रोफेसर, एक उपाधीक्षक, एक सहायक, दो लिपिक, एक टंकण अनुदेशक, चार प्रयोगशाला सहायक व चार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। महाविद्यालय में चार अंग्रेजी, एक इतिहास, एक शारीरिक शिक्षा, चार वाणिज्य, दो हिन्दी, दो रक्षा अध्ययन, दो कम्प्यूटर साईंस, सात भूगोल, एक गणित, एक प्राणी विज्ञान, एक रसायन विज्ञान, एक भौतिक विज्ञान, तीन जन्तु विज्ञान, एक संस्कृत, एक छात्रावास अधीक्षक, एक वरिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष, एक कनिष्ठ पुस्तकाध्यक्ष, एक पुस्तकालय रेस्टोरर, एक स्टेनो टाईपिस्ट, तीन कनिष्ठ अध्यापन सहायक, दो तबला वादक, दो प्रयोगशाला सहायक एवं सात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद रिक्त हैं।

## परीक्षा परिणाम

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम सराहनीय रहे हैं जिनके उल्लेख से इस महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण का पता चलता है। प्रोफेसर डा0यशपाल-भूगोल विभाग, परीक्षा शाखा में रजिस्ट्रार का पद सम्भाले हुए हैं । श्रीमती शर्मीला यादव , कुमारी गरिमा जिंदल व सतबीर सिंह की सहायता से परीक्षा शाखा भलीभांति कार्य कर रही है। महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम इस प्रकार हैं -

| Class | Total Students | Students Passed | Pass Percentage | Uni. Pass Percentage | Difference |
|---|---|---|---|---|---|
| B.A. 1st sem | 799 | 176 | 22% | N.A. | N.A, |
| B.A. 2nd Sem | 885 | 775 | 29% | NA | NA |
| B.A. 3rd sem | 599 | 87 | 14.5% | NA | NA |
| B.A. 4th Sem | 748 | 184 | 24.59 | NA | NA |
| B.A. 5th Sem | 629 | 165 | 26.23 | NA | NA |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.A. 6th sem | 593 | 231 | 38.95 | NA | NA |
| B.Com. 1st sem | 158 | 60 | 37.97 | NA | NA |
| B.om 2nd Sem | 154 | 50 | 32.46 | NA | NA |
| B.Com. 3rd sem | 169 | 86 | 50.88 | NA | NA |
| B.Com 4th Sem | 169 | 73 | 43.19 | NA | NA |
| B.Com. 5th Sem | 163 | 149 | 91.41 | NA | NA |
| B.Com. 6th sem | 162 | 125 | 77.16 | NA | NA |
| B.Sc. 1st Sem(NM) | -- | -- | -- | -- | -- |
| B.Sc. 2nd Sem (NM) | 155 | 42 | 27.09 | NA | NA |
| B.Sc. 3rd Sem(NM) | 202 | 162 | 80.19 | NA | NA |
| B.Sc. 4th Sem (NM) | 202 | 118 | 58.41 | NA | NA |
| B.Sc. 5th sem (NM) | 176 | 128 | 72.72 | NA | NA |
| B.Sc.6th sem (NM) | 176 | 174 | 98.86 | NA | NA |
| B.Sc,. 1st Sem (M) | -- | -- | -- | NA | NA |
| B.Sc. 2nd Sem (M) | 79 | 21 | 26.58 | NA | NA |
| B.Sc. 3rd Sem (M) | 85 | 61 | 71.76 | NA | NA |
| B.Sc. 4th Sem (M) | 85 | 61 | 71.76 | NA | NA |
| B.Sc. 5th Sem(M) | 80 | 70 | 87.5 | NA | NA |
| B.Sc. 6th Sem(M) | 80 | 80 | 100 | NA | NA |
| M.A. 1st Sem (Hindi) | 40 | 24 | 60 | NA | NA |
| M.A.2nd Sem (Hindi) | 40 | 31 | 77.5 | NA | NA |
| M.A.3rd Sem (Hindi) | 34 | 16 | 47.05 | NA | NA |
| M.A.4th Sem (Hindi) | 34 | 21 | 61.76 | NA | NA |
| M.A. 1st Sem (Pol.Sc.) | 40 | 21 | 52.5 | NA | NA |
| M.A. 2nd Sem (Pol.SC.) | 40 | 30 | 75 | NA | NA |
| M.A. 3rd Sem (Pol.SC.) | 38 | 30 | 78.94 | NA | NA |
| M.A. 4th Sem (Pol.Sc.) | 38 | 25 | 65.78 | NA | NA |
| M.Sc. 1st Sem (Maths) | 40 | 10 | 25 | NA | NA |
| M.Sc. 2nd Sem (Maths) | 40 | 39 | 100 | NA | NA |
| M.Sc. 3rd Sem (Maths) | 27 | 27 | 100 | NA | NA |

महाविद्यालय के उत्तम परिणामों का श्रेय प्राध्यापक वर्ग की योग्यता, कर्त्तव्यनिष्ठा व छात्राओं के परिश्रम को जाता है। सभी प्राध्यापक एवं छात्राएं बधाई की पात्र हैं।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

1. श्रीमती प्रियंका यादव, असिसटेंट प्रोफेसर गृहविज्ञान के सत्र 2018-19 में "PREFERNCES FOR DESIGNING TECHNIQUES AND FEATURERS TO MAKE INOVATIVE ARTICLES" व STUDY ON REUSE PRACTICES TO MAKE NEW ARTICLES FROM DISCARDED GARMENT" दो शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए ।

2. श्रीमती प्रियंका यादव, असिसटेंट प्रोफेसर गृहविज्ञान ने राजकीय महिला महाविद्यालय, पाली में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में समाज सेवा एवं श्रम की महत्ता के प्रतिपादन हेतू राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन ईकाइयां कार्यरत हैं। डा0 ममता सिद्धार्थ प्रथम यूनिट, कु0 साधना यादव द्वितीय यूनिट व श्रीमती अंजु रानी तृतीय यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी हैं। इस वर्ष यूनिट नं. एक, दो, तीन में क्रमशः 100, 100 व 100 स्वयं सेविकाएं पंजीकृत हैं ।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम की गतिविधियां निम्न प्रकार से हैं :

1. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने 21 जून 2018 को महाविद्यालय में अर्न्तराष्ट्रीय योगा दिवस को योगाभ्यास के द्वारा मनाया ।
2. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की 55 स्वयं सेविकाओं ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के लिये अपना पंजीकरण करवाया जो कि जिला महेन्द्रगढ़ में सबसे अधिक था । इन स्वयंसिवकाओं ने गांव कॉँटी, कोजिन्दा, बाछौद तथा नसीबपुर में सफाई अभियान चलाया तथा लोगों को जागरूक किया ।
3. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने 1 से 15 अगस्त 2018 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया तथा मोहल्ला माली टीबा तथा आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभ्यिान चलाया ।
4. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ पर दिनांक 15 सितम्बर 2018 से 2 अक्टुबा 2018 तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया गया । इस अभियान में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के साथ–साथ शहर के मुख्य स्थानों जैसे नागरिक अस्पताल, जलमहल तथा रेलवे स्टेशन पर सफाई का कार्य किया ।
5. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के द्वारा 24 सितम्बर 2018 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया तथा स्वयंसेविकाओं के एक दल ने इन्दिरा गाधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में मनाये गये राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस में भाग लिया ।
6. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के द्वारा दिनांक 23 अक्टुबर 2018 को जिला स्तरीय वाल्मिकी जयंती समारोह में भाग लिया तथा छुआछुत विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जिसके लिये प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया ।

7. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के द्वारा दिनांक 31 अक्टुबर 2018 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें स्वये सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल का योगदान विषय पर कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

8. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने 1 दिसम्बर 2018 को एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया तथा जिला स्तर पर यूथ पार्लियामेंट का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय की सात स्वंयसेविकाओं ने भाग लिया ।

9. महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिनांक 22.12.2018 से 28.12. 2018 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन मोहल्ला माली टीबा में किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ डा0 आशा शर्मा चिकित्सा अधिकारी, नागरिक अस्पताल, नारनौल के द्वारा किया गया। इस सात दिवसीय शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

(1) एन0एस0एस0 स्वयंसेविकाओं ने मोहल्ला माली टिब्बा की गलियों, मंदिरों में श्रमदान कर सीनीय लोगों को सफाई हेतू प्रेरित किया ।

(2) विभिन्न विषयों जैसे भूमिगत जल का महत्व, जल संरक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, योग व अधात्म व भारत की न्यायायिक व्यवस्ता पर व्याख्यान हुए।

(3) इस शिविर के दौरान महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, बिखरते संयुक्त परिवार व नशा उन्मूलन आदि पर भी विस्तृत चर्चा की गई ।

(4) इस शिविर के दौरान एन0एस0एस0 स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा ट्रेनिगं, प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग दी गई ।

(5) महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने 'स्वच्छता ही सेवा है', बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', जल सरंक्षण', तथा पर्यावरण बचाओ आदि विषयों को लेकर जागरूकता रैली निकाली ।

शिविर में स्वयंसेविकाओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठ, पोस्टर मेकिंग व लघु नाटिकाओं का प्रस्तुतिकरण व आयोजन हुआ जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । इस शिविर का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 सत्यमन्यू यादव के कर–कमलों द्वारा हुआ ।

10. दिनांक 6.2.2019 को राजकीय महाविद्यालय, पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में इस महाविद्यालय की स्वयंसेविका उमा मेहता ने जिला महेन्द्रगढ़ का प्रतिनिधित्व किया तथा 'भारत महाशक्ति बनने के कगार पर' नामक विषय पर अपनी

प्रस्तुति दी । दिनांक 21, 22 व 23 फरवरी को महाविद्यालय की तीनों यूनिटों के द्वारा क्रमशः एक दिवसीय केम्प का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया ।

## महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ

महिलाओं एवं छात्राओं के कल्याण एवं हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ कार्यरत है। प्राचार्य डा0 सत्यमन्यू यादव की अध्यक्षता व डा0 कविता के मार्गदर्शन में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गये और छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

(1) दिनांक 23.8.2018 से 25.8.2018 तक रक्षाबंधन के अवसर पर इस प्रकोष्ट के द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने नारा लेखन और जागरूकता रैली में भाग लिया और स्वयं रक्षा के लिये संकल्प सूत्र बांधे ।

(2) इस प्रकोष्ट के द्वारा दिनांक 8.10.2018 व 9.10.2018 को महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय जिला स्तरीय निबंध लेखन, रंगोली तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के 23 (राजकीयव निजी) महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया ।

(3) दिनांक 12.1.2019 को इस प्रकोष्ठ के द्वारा छात्राओं को सशक्त करने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय विस्तारण व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा0 अत्तर सिंह श्योराण, निर्देशक (एच0आर0डी0ए0) नीलोखेड़ी ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी ।

(4) इस प्रकोष्ठ के द्वारा दिनांक 30.1.2019 व 31.1.2019 को महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिये दो दिवसीय निःशुल्क कला एवं शिल्प कार्यशाला का भी आयोजन किया गया । पीडिलाईट की प्रशिक्षिका कुमारी रेनू द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया ।

(5) इस प्रकोष्ठ के द्वारा दिनांक 8.3.2019 को अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फन फेयर का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने विभिन्न वस्तुएं जैसे खाद्य सामग्री, खेल एवं मनोरंजन, मेहन्दी आदि की स्टॉल लगाई ।

सभी छात्राएं व डा0 कविता प्रभारी महिला प्रकोष्ठ बधाई की पात्र है।

## खेल–कूद

महाविद्यालय की 30 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 15 व 16 नवम्बर 2018 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में आयोजित की गई जिसका शुभारम्भ श्री सुधीर कुमार कौशिक, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, नारनौल ने किया । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने खेल भावना का परिचय देते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में बढ़–चढ़ कर भाग लिया । इस सत्र की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट

प्रदर्शन करने वाली छात्रा सुश्री मंजु कक्षा बी0ए0 तृमहस वर्ष, रोल नं0 92850689 को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया । इस प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य श्री दलीप सिंह यादव रहे । ये खेलकूद प्रतियोगिताएं महाविद्यालय के खेलकूद प्रभारी श्री आर0के0 यादव तथा उनके सहयोगी श्री सोहन सिंह व डी0पी0ई0 श्री सुरेन्द्र शर्मा, श्री कुलदीप सिंह एवं श्री मुकेश कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुई । इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा ।

## मार्गनिर्देशन व स्थापना प्रकोष्ठ

प्लेसमेंट सेल के अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को सरकारी व गैर–सरकारी क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में रोजगार प्राप्त करने सम्बन्धी जानकारी प्रदान की जाती है ।

1. सत्र 2018–19 में इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महाविद्यालय में 47991/– रू0 की छात्राओं हेतू ज्ञान वर्धन, प्रतियोगी एवं रोजगार संबंधी पुस्तकें खरीदी गई ।
2. छात्राओं को केरीयर बनाने हेतु इस प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 25.8. 2018 को डा0 के0एस0 यादव सेवानिवृत प्राचार्य के द्वारा साईक्लोजी एंड स्वॉट एनालिसेज विषय पर एक विस्तारण व्याख्यान का आयोजन किया गया ।
3. दिनांक 20.11.2018 को छात्राओं को रोजगार सम्बन्धी जानकारी देने हेतू दूरस्थ शिक्षा विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक निदेशक, प्रोफेसर कुलदीप सिंह छिकारा ने विस्तारण व्याख्यान दिया ।
4. दिनांक 16.1.2019 को छात्राओं को रोजगार सम्बन्धी जानकारी देने हेतू डा0 विजय कुमार एसोसियेट प्रोफेसर वाधिज्य विभाग, राजकीय महाविद्यालय, रिठोज (गुरूग्राम) ने विस्तारण व्याख्यान दिया ।
5. दिनांक 21.1.2019 से 26.1.2019 तक राजकीय महाविद्यालय, नारनौल में आयोजित छः दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस महाविद्यालय की 76 छात्राओं ने भाग लिया ।
6. इस प्रकोष्ठ के द्वारा सी0ई0क्यू0यू0आई0एन0 इंडिया, नई दिल्ली के तत्वावधान में एक तीन दिवसीय दिनांक 29.1.2019 से 31.1.2019 तक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 300 छात्राओं ने भाग लिया ।
7. दिनांक 7.2.2019 को इस महाविद्यालय की 42 छात्राओं के एक दल ने क्षेत्रीय रोजगार मेला जोकि राजकीय महिला महाविद्यालय, गुरूग्राम में आयोजित किया गया था में भाग लिया व 13 छात्राओं का विभिन्न कम्पनियों में चयन हुआ । इस प्रकोष्ठ की प्रभारी सुश्री गरिमा जिंदल डा0 एल0एस0 यादव के मार्गदर्शन में अपने कार्य को सफलतापूर्वक कर रही हैं ।

## वित्तीय प्रबन्धन

महाविद्यालय का वित्तीय प्रबन्धन काफी सुदृढ़ है। लगभग सभी स्थानीय निधियों में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है जिसे महाविद्यालय के विकास एवं विद्यार्थी कल्याण के लिए प्रयुक्त किया जा रहा है। प्रो0 आर0के0 यादव बर्सर के रूप में अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं।

| Sr. No. | Name of the Scheme | No. of Students | Amount received | Amount disbursed | Amount Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Consolidated Stipend Scheme for the welfare of Scheduled Caste students studying in Govt. colleges | 746 | 1,40,44000/- | 1,40,44000/- | Nil |
| 2 | Haryaana state Meritorious Incentive Scheme on the basis of Final Result of B.A. /B.Com/B.Sc. III | 18 | 60,000/- | 60,000/- | Nil |
| 3. | Merit Scholarship to undergraduate girls students (Ten Topper/Scheme Fresh) | 10 | 30,000/- | 30,000/- | Nil |
| 4. | Merit Scholarship to undergraduate girls students scheme (Renewal) B.A. /B.Com/B.Sc. II/III | - | - | - | - |
| 5. | Stipend Scheme for grand children of Freedem Fighters for the year 2018-19 | -- | -- | -- | -- |
| 6. | Haryana state Meritorious Incentive Scheme on the basis of Final Result of M.A. M.Sc. II | 14 | 48000/- | 48000/- | Nil |

उपरोक्त कार्य को श्री गंगादत्त, सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापन सहायक सुचारू रूप से कर रहे हैं।

## साहित्यिक गतिविधियां

विद्यार्थी जीवन में बहुआयामी व्यक्तित्व के विकास हेतु सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में सहभागिता आवश्यक है। इस सत्र के दौरान हमारी छात्राओं ने प्रशंसनीय उपलब्धियां हासिल की हैं जिनका विवरण इस प्रकार है –

1. प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.9.2018 को महाविद्यालय में शहीदे–आजम भगत सिंह की जयन्ती मनाई गई । इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया । प्रोफेसर डा0 राजपाल यादव, अंग्रेजी विभाग ने शहीदे आजम भगत सिंह के जीवन पर भजन के माध्यम से प्रकाश डाला । इस अवसर पर आर0के0यादव, प्रो0 जे0पी0 यादव, प्रो0 सुशीला यादव व प्रोफेसर सुषमा यादव आदि भी उपस्थित थे ।
2. 12जनवरी 2019 को स्वामी विवेकानन्द जी की 156 वीं जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 सत्यमन्यु यादव ने की । प्राचार्य श्री यादव ने इस अवसर पर छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द जी के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघर्ष से ही सफलता मिलती है । प्रो0 डा0 राजपाल यादव ने विस्तार से स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं कतृित्व पर प्रकाश डाला । प्रो0 आर0के0 यादव, जे0पी0 यादव, प्रो0 कृष्णा शर्मा, प्रो0 सुशीला यादव व प्रो0 सुषमा यादव आदि भी उपस्थित थे ।

## महाविद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक समारोह

महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला के निर्देशानुसार महाविद्यालय में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27 व 28 सितम्बर 2018 को सांस्कृतिक उत्सव झंकार मनाया गया । महाविद्यालय की छात्राओं ने इस समारोह में भारी उत्साह के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

## क्षेत्रीय युवा समारोह

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक का क्षेत्रीय युवा समारोह श्री कृष्ण राजकीय महाविद्यालय, कंवाली (रेवाड़ी) में दिनांक 28.10.2018 से 30.10.2018 तक आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियां इस प्रकार है –

द्वितीय स्थान :–

1 गजल

तृतीय स्थान :–

1. शास्त्रीय संगीत गायन

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाड़ी का क्षेत्रीय युवा समारोह विश्वविद्यालय के प्रांगण में दिनांक 14.11.2018 से 16.11.2018 तक आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियां इस प्रकार है –

प्रथम स्थान :

1. शास्त्रीय संगीत गायन

2. शास्त्रीय संगीत वादन (सितार)
3. लेकगीत (राजस्थानी)
4. कव्वाली
5. समूहगान हरियाणवी
6. समूहगान पाश्चात्य
7. एकल गायन

द्वितीय स्थान

1. भजन

तृतीय स्थान

1. समूहगान जनरल

उपरोक्त उपलब्धियों के लिये महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्रभारी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं । सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक श्रीमती सुशीला यादव, श्रीमती कृष्णा शर्मा, श्रीमती सुषमा यादव, श्री ओमप्रकाश, श्रीमती मनीषा सैनी, श्रीमती मंदीप यादव, श्री बलवान सैनी, मायावती व प्रीतम सिंह का विशेष योगदान रहा ।

## पुस्तकालय

नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में महाविद्यालय का पुस्तकालय स्थित है। छात्राओं की विशेष सुविधा के लिए पुस्तकालय में 12 समाचार पत्र एवं वाचनालय आदि का प्रबन्ध है। पुस्तकालय में 21772 पुस्तकें हैं। इस सत्र में 406 पुस्तकें खरीदी गई है। छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए एक टी.वी. व एक सीड़ी प्लेयर की व्यवस्था है। श्री हरीकिशन पुस्तकालय रेस्टोरर पुस्तकालय के कार्य को सुचारू रूप से कर रहे हैं।

## महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय की छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित व विकसित करने के लिए महाविद्यालय एक वार्षिक पत्रिका **'सुकन्या'** का आयोजन करता है। वर्ष 2018-19 के महाविद्यालय पत्रिका के प्राध्यापक संपादकों एवं छात्रा संपादिकाओं का चयन किया जा चुका है। संपादक मंडल इस प्रकार है :-

| अनुभाग | प्राध्यापक संपादक | छात्रा संपादिका |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | प्रो0 डा0 राजपाल यादव | भारती शर्मा एम0ए0 अन्तिम वर्ष अंग्रेजी |
| हिन्दी | प्रो0 सुशीला यादव | वसुंधरा, एम0ए0 अन्तिम वर्ष हिन्दी |
| संस्कृत | प्रो. कृष्णा शर्मा | प्रियंका बी0ए0 द्वितीय वर्ष |
| विज्ञान | प्रो0 साधना यादव | सोनू बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष (मैडीकल) |

डा0 आलिया सोभी खान, अंग्रेजी विभाग, महाविद्यालय पत्रिका सुकन्या की मुख्य संपादक हैं और वे अपने कार्य का निर्वहन अति समर्पण भाव से कर रहे हैं ।

## विषय परिषद्

अन्तः विषय परिषद् प्रतियोगिताओं को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय में विषय परिषद् बनी हुई है जो अन्तः कक्षा तथा अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धाओं को प्रोत्साहित करती हैं। इस वर्ष महाविद्यालय की विषय परिषदों की उपलब्धियां निम्नलिखित रही है –

## अंग्रेजी साहित्यिक परिषद्

इस परिषद के तत्वावधान में दिनांक 8.3.2019 को प्राचार्य डा0 सत्यमन्यु यादव की अध्यक्षता में अंग्रेजी कविता पाठ का आयोजन किया गया जिसमें शिखा एम0ए0 अन्तिम वर्ष (अंग्रेजी) प्रथम, वंदना एम0ए0 अन्तिम वर्ष (अंग्रेजी) द्वितीय व रेखा एम0ए0 अन्तिम वर्ष (अंग्रेजी) तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 8.3.2019 को अंग्रेजी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारती शर्मा एम0ए0 अंतिम वर्ष अंग्रेजी ने प्रथम, वंदना एम0ए0 अंतिम वर्ष अंग्रेजी ने द्वितीय व शालू एम0ए0 अन्तिम वर्ष (अंग्रेजी) तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

उपर्युक्त साहित्यिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए सभी छात्राएं व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष व संयोजक अंग्रेजी साहित्यिक परिषद प्रो0 डा0 राजपाल यादव, विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं ।

## हिन्दी संस्कृत साहित्यिक परिषद्

इस परिषद् के अन्तर्गत अक्टुबर माह में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में इस परिषद् द्वारा हिन्दी भाषण, हिन्दी कविता, संस्कृत कविता पाठ व संस्कृत श्लोकोच्चारण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । दिनांक 12.2.2019 से 22.2.2019 तक महाविद्यालय में 10 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत विषय पढ़ने वाली छात्राओं से अतिरिक्त छात्राओं ने भी भाग लिया तथा उन्हें सरल शैली में सुस्कृत सम्भाषण सिखाया गया । परिषद् की अध्यक्षा प्रो0 कृष्णा शर्मा, प्रो0 सुशीला यादव के सहयोग से अपना कार्य सुचारू रूप से कर रही हैं।

## सड़क सुरक्षा क्लब

सड़क पर बढ़ती हुई दुर्घटनाओं के मध्यनजर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है ताकि छात्राओं को सुरक्षित यात्रा के लिये जागरूक किया जा सके । इस क्लब की नोडल अधिकारी श्रीमती अंजुरानी है तथा इनके साथ डा0 आलिया खान, श्रीमती ममता सिद्धार्थ, सुश्री साधना यादव तथा प्रियंका

यादव भी छात्राओं को जागरूक कर रहे हैं । क्लब के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां पूरे वर्ष आयोजित की गई ।

1. महाविद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षतमा में माह सितम्बर 2018 में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 200 छात्राओं ने भाग लिया ।
2. महाविद्यालय में प्राचार्य डा0 सत्यमन्यु की अध्यक्षता में दिनांक 4 फरवरी 2019 को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ । इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों तथा छात्राओं ने अपने विचार रखें तथा छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी ली ।
3. दिनांक 5 फरवरी को 2019 को महाविद्यालय में नारालेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सोनू प्रथम, प्रिंसी द्वितीय तथा शबनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
4. दिनांक 6 फरवरी को 2019 को महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रिंसी प्रथम, आरती द्वितीय तथा अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
5. दिनांक 7 फरवरी को 2019 को महाविद्यालय में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रिंसी प्रथम, शबनम द्वितीय तथा शबनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
6. दिनांक 8 फरवरी 2019 को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी के लिए विस्तारण व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें यातायात पुलिस विभाग के उप निरीक्षक श्री अभय सिंह ने अपनी टीम के साथ छात्राओं को यातायात के नियमों सम्बन्धी जानकारी दी ।
7. दिनांक 9 फरवरी 2019 को सड़क सुरक्षा हेतू लोगों को जागरूक करने के लिये महाविद्यालय की छात्राओं ने श्रीमती अंजु रानी के नेतृत्व में एक जागरूता रैली निकाली जिसे प्राचार्य डा0 सत्यमन्यु यादव ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया ।
8. दिनांक 10 फरवरी 2019 को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन महाविद्यालय की छात्राओं अपने अपने स्तर पर अपने अपने निवास के आस-पास के लोगों को सड़क सुरक्षा हेतू जागरूक किया ।

## EARN WHILE YOU LEARN

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2018–19 में 1,00,000/– रू. की राशि प्राप्त हुई जिसमें से 97410.00 की राशि महाविद्यालय के विभागों में कार्यरत छात्राओं को वितरित कर दी गई। इस योजना के संयोजक प्रोफेसर श्रीमती सुशीला यादव हैं ।

## एजु–सेट प्रणाली

निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा पंचकुला के निर्देशानुसार राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालयों में एजु–सेट प्रणाली कार्यरत है। इस प्रणाली की संयोजक सुश्री गरिमा जिंदल हैं जो श्री सोहन लाल गोयल के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक कर रही हैं

## राष्ट्रीय कैडेट कोर

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की एक यूनिट कार्यरत है जिसमें 54 कैडेट पंजीकृत हैं। महाविद्यालय की एन0सी0सी0 की गतिविधयां निम्न प्रकार हैं :–

1.10.2018 से 10.10.2018 तक 10 दिवसीय एन0सी0सी0 वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प दड़ौली स्थित श्रीमद्‌भवगत सेवा आश्रम में आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की केडेट्स ने उत्साह से भाग लिया ।

दिनांक 29.10.2018 से 3.11.2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया । इस दौरान शपथ ग्रहण समारोह व भा''ाण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें पूजा यादव प्रथम, प्रिया द्वितीय व अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 25 नवम्बर 2018 को एन0सी0सी0 दिवस मनाने हेतू स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

दिनांक 10.12.2018 को धूम्रपान नि''ोध दिवस मनाया गया जिसके अन्तर्गत स्टाफ सदस्यों और केडेट्स ने जीवन के लिये 'ापथ ली ।

दिनांक 26 जनवरी 2019 को महाविद्यालय की एन0सी0सी0 केडेट्स गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया और तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इस कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती प्रियंका यादव व छात्राऐं बधाई की पात्र हैं।

## कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार व जिला विधिध सेवा प्रको''ठ के आदेशों की पालना करते हुए महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है । इस प्रकोष्ठ के तत्वावधान में समय समय पर विभिन्न

प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही हैं । इस प्रकोष्ठ की प्रभारी डा0 कविता हैं और वे अपना कार्य बड़ी कुशलता से कर रही हैं ।

महाविद्यालय में दिनांक 25.1.2019 को रा''ट्रीय मतदाता दिवस पर युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिये 'शपथ ग्रहण करवाई ।

महाविद्यालय में दिनांक 15.2.2019 को एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता गिरीबाला ने एसिड अटेक पर कानूनी जानाकारी दी ।

दिनांक 28.2.2019 को आयोजित जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता क्लब में महाविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें अंकिता प्रथम स्लोगन लेखन, प्रिंसी द्वितीय कविता पाठ व प्रियंका तृतीय भा''ाण प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया ।

## शैक्षणिक भ्रमण

महाविद्यालय की 55 छात्राओं का एक दल डा0 आर0पी0 सिंह, श्री रामनिवास चंदेला, डा0 ममता यादव व डा0 नीलम यादव के नेतृत्व में दिनांक 23, 24 व 25 फरवरी 2019 को तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतू जयपुर, अजमेर, चित्तोड़गढ़ व उदयपुर गया ।

## सूचना का अधिकार

महाविद्यालय में सरकार के ओदर्शों की पालना करते हुए आर0टी0आई0 सेल की स्थापना की हुई है । महाविद्यालय में डाक द्वारा या व्यक्तिगतरूप से आर0टी0 आई0 के तहत कोई सूचना मांगी जा सकती हैं । आज तक आर0टी0आई0 द्वारा मांगी गई कोई भी सूचना लम्बित नहीं हैं । इस प्रको''ठ की प्रभारी डा0 पूरण प्रभा अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं ।

## यूथ रेडक्रास

महाविद्यालय में गरीब छात्राओं की सहातार्थ यूथ रेडक्रास सोसायटी का गठन किया गया है । इसकी प्रभारी डा0 आलिया खान अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रही हैं । इस सत्र में इस सोसायटी के द्वारा निम्न कार्यक्रम आयोजित किये गये :-

1. दिनांक 18.9.2018 को जिला स्तरीय रेडक्रास एम्बुलेंस प्रतियोगिता यदुवंशी स्कूल, नारनौल में आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
2. दिनांक 19.9.2018 को राज्य स्तरीय रेडक्रास एम्बुलेंस प्रतियोगिता यदुवंशी स्कूल, नारनौल में आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की संयोजिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

3. दिनांक 5.2.2019 को सी0एल0 पब्लिक स्कूल, नारनौल में जिला स्तरीय रेडक्रास पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की टीम द्वितीय स्थान पर रही ।
4. दिनांक 6.2.2019 को सी0एल0 पब्लिक स्कूल, नारनौल में जिला स्तरीय रेडक्रास भा''ाण प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही ।
5. दिनांक 7.2.2019 को सी0एल0 पब्लिक स्कूल, नारनौल में जिला स्तरीय रेडक्रास निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही ।
6. दिनांक 8.2.2019 को सी0एल0 पब्लिक स्कूल, नारनौल में जिला स्तरीय रेडक्रास सड़क सुरक्षा वि''ाय पर प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही ।
7. दिनांक 11.2.2019 से 15.2.2019 तक राजकीय महाविद्यालय अटेली में जिला स्तरीय रेडक्रास कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की टीम ने समूह नृत्य तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस क्लब की संयोजिका डा0 आलिया खान को सर्वश्रे''ठ समन्वयक का खिताब दिया गया ।
8. दिनांक 28.2.2019 को जिला स्तरीय अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय, नारनौल में आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

डा0 सत्यमन्यु यादव (एच0ई0एस0-1)

दिनांक 16अप्रैल 2019.
नारनौल ।

प्राचार्य
राजकीय महिला महाविद्यालय
नारनौल ।

# आभार अभिव्यक्ति

मैं अपनी ओर से तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आज के समारोह के मुख्य अतिथि माननीय प्रोफेसर आर0सी0 कुहाड़, उपकुलपति केन्द्रीय विश्व विद्यालय हरियाणा, जांट-पाली (महेन्द्रगढ़) का हृदय से आभारी हूं जिन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार करते हुए अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकाला तथा इस समारोह में उपस्थित होकर हमारा तथा महाविद्यालय का मान बढ़ाया। आज आपके आगमन से हमारी अतिथि परम्परा और अधिक समृद्ध हुई है। आपकी उपस्थिति हमारी छात्राओं के लिए निश्चित रूप से प्रेरणादायक रहेगी ।

इस अवसर पर मैं उच्चतर शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनिल कुमार, आई0ए0एस0 तथा श्री ए0श्रीनिवास, आई.ए.एस., निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के कुलपति प्रो0 राजबीर सिंह, कुल सचिव डॉ. गुलशन लाल तनेजा तथा अन्य अधिकारियों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं जिनका सहयोग सदा हमें मिलता रहा है। महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर रहने के लिए मैं महेन्द्रगढ़ के उपायुक्त डा0 गरिमा मित्तल, आई.ए.एस., अतिरिक्त उपायुक्त श्री विक्रम सिंह, आई0ए0एस0, पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रमोहन, आई.पी.एस. तथा उपमण्डलाधीश श्री जगदीश शर्मा, एच.सी.एस, का भी कृतज्ञ हूं। मैं जिला जन स्वास्थ्य विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का भी आभारी हूं जिन्होने महाविद्यालय को समय पर अपना सहयोग दिया है। जिला के अन्य सभी विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों का भी मैं उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं धन्यवादी हूं आज के इस अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों का जिन्होंने यहां पधार कर इस समारोह की 'ाोभा को बढ़ाया है । 'ाहर के जागरूक व यथार्थवादी पत्रकार बन्धुओं का भी मैं आभारी हूं जो समय समय पर हमारी छात्राओं की उपलब्धियों को अपने समाचार पत्रों में स्थान देकर उनका उत्साहवर्धन करते हैं । सम्पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से काम करने वाले महाविद्यालय के समस्त सहयोगी प्राध्यापकों, विभिन्न गतिविधियों के प्रभारी प्राध्यापकों, कर्तव्यनिष्ठ गैर शिक्षक कर्मचारियों के साथ साथ मैं छात्राओं के प्रति भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिनके सहयोग के कारण ही महाविद्यालय का प्रशासनिक तथा ौक्षणिक कार्य भली-भांति चलता रहा है । उपाधि प्राप्त करने वाली नव-स्नातक छात्राओं एवं पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी मैं विशेष रूप से बधाई देता हूं तथा महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए अपनी प्रिय छात्राओं की प्रशंसा करता

हूं। अन्त में मैं प्रो. राजपाल यादव, प्रो. सुशीला यादव व श्री सोहन लाल गोयल का विशेष धन्यवाद करना अपना नैतिक कर्तव्य समझता हूं जिनके अथक प्रयासों से इस प्रतिवेदन का आलेख तथा प्रकाशन समय पर सम्भव हो सका है।

इन्हीं भावनाओं के साथ मैं अपना प्रतिवेदन आप सबके स्नेह, सहयोग एवं मंगल कामनाओं सहित पूर्ण करता हूं ।

धन्यवाद ।

जयहिन्द ! जय भारत !

डा0 सत्यमन्यु यादव (एच0ई0एस0
प्राचार्य
राजकीय महिला महाविद्यालय
नारनौल ।

दिनांक 16 अप्रेल 2019.
नारनौल ।